## सार-समाचार

### एक दिन कार्यालय के नाम

**पुष्कर, (निसं)।** बुधवार को भाजपा कार्यालय अजमेर में एक दिन कार्यालय के नाम कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम दिवस प्रभारी पुष्कर नारायण भाटी जिला कार्यालय मंत्री अजमेर देहात ने आज दिनभर पार्टी कार्यालय में आमजन एवं कार्यकर्ताओं की सुनवाई कर समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने हेतु आठाह किया एवम आमजन व कार्यकर्ताओं को राहत पहुंचाई गई। इस अवसर पर आज निम्न कार्यकर्ता एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे। मदन राठौड़ प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी राजस्थान,डॉ अरविंद शर्मा प्रदेश प्रवक्ता,जीतमल प्रजापत जिला अध्यक्ष अजमेर देहात, सुभाष वर्मा जिला महामंत्री,अर्जुन नलिया जिला महामंत्री,नरेंद्र सिंह चुंडावत जिला उपाध्यक्ष, मुकेश कंवर जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, अनीता बैरवा जिला मंत्री,अशोक पाराशर जिला उपाध्यक्ष, टीकम चंद मेघवंशी,मनीष वैष्णव आदि कार्यकर्ता एवम आमजन उपस्थित रहे।

### बालिका शिक्षा जागरूकता अभियान का सफल आयोजन

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा 'लाडो परियोजना' के अंतर्गत रिसोर्स सेंटर सेदरिया में बालिका शिक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण बालिकाओं को शिक्षा, जीवन कौशल एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में बालिकाओं को जीवन कौशल गतिविधियां करवाई गईं तथा वॉश विषय पर चार्ट निर्माण कराया गया। शिक्षा विकास विषय पर विशेष सत्र आयोजित कर बालिकाओं से संवाद किया गया, प्रश्नोत्तर किए गए और महत्वपूर्ण बिंदु लिखवाए गए। इस दौरान बालिकाओं ने कविता, भाषण एवं नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर जागरूकता का संदेश दिया तथा रैली भी निकाली। कक्षा 8वीं, 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को सम्मानित किया गया।

### निःशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर

**अजमेर, (कासं)।** लायन्स क्लब अजमेर एवं जिला अंधता नियंत्रण सोसाइटी अजमेर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा व लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन गुरुवार को प्रातः 9 बजे से आशागंज स्थित मयाणी अस्पताल में आयोजित किया जाएगा। डिस्ट्रिक चीफ मीडिया कॉर्डिनेटर एमजेएफ लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि शिविर में गुरुवार को ही मरीजों की आंखों की जाँच की जाएगी एवं लेंस प्रत्यारोपण की आवश्यकता हुई तो भर्ती किया जाएगा। शिविर संयोजक लायन भागू इसरानी ने बताया कि नेत्र चिकित्सा शिविर में नेत्र विशेषज्ञः डॉ. राहुल वासवानी व डॉ राजेन्द्र हेड़ा अपनी सेवाएं देंगे ।

### राजस्व मंडल पर गिरदावरों का धरना प्रदर्शन आज

**अजमेर,(कासं)।** प्रदेश के भूअभिलेख निरीक्षक (गिरदावर) का राजस्व मंडल के बाहर आज व कल धरना देकर विरोध-प्रदर्शन करेंगे। नियमित डीपीसी नहीं करने और राज्य सरकार की सहमति के बाद सरकार के आदेश की पालना नहीं करने के विरोध में होने वाले धरने में प्रदेशभर के गिरदावर जुटेंगे। राजस्थान कानूनगो संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि राजस्व मंडल की ओर से कार्मिक विभाग की सहमति के बाद भी जोधपुर संभाग की रिव्यू डीपीसी के लिए राज्य सरकार के आदेश की पालना नहीं की जा रही है।

# पुष्कर में तीन दिवसीय कथा का समापन

**पुष्कर, (निसं)।** श्रीराम की भक्ति करने से हनुमान जी की कृपा अपने आप ही बरसती है इसलिए मानव जीव को परमात्मा की भक्ति के मार्ग पर चलकर मानव सेवा करने का संकल्प दिलाया कथा के समापन पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह राठौड़ पहुंचे कथा सुनने बागेश्वर धाम के उपासक ओर श्री हनुमंत कथा वाचक पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने पुष्कर में तीन दिवसीय कथा के समापन दिवस पर भक्तों को संत श्रीमणि मीरा बाई के जैसे मार्गो ओर चलने का आवहान किया।

उन्होंने श्री हनुमत कथा के दौरान भगवान गिरधर गोपाल और मीराबाई के भक्ति के बारे में भी भक्तों को प्रसंग सुनाया इस दौरान उन्होंने पुष्कर तीर्थ के 52 घाटों पर सनातनियों को अपने पूर्वजों के निमित पिंडदान तर्पण करने और पुष्कर तीर्थ में आकर अपने ब्रह्म सरोवर में स्नान पूजा और ब्रह्मा का आशीर्वाद लेने से पूर्वजो का आशीर्वाद मिलने की बात कही।

उन्होंने कहा कि जिस हिंदुओं को अपने पूर्वजों का ध्यान नहीं है उन्हें पता नहीं है वह पुष्कर ब्रह्म सरोवर पर आकर अपने जाने अनजाने पितरों के निमित्त पूजा अर्चना करने से जगत पिता ब्रह्मा मानव जीव का कल्याण करेगा। उन्होंने ब्रह्म सरोवर और पुष्कर का महत्व के बारे में भक्तों को पुष्कर की पुरानी जानकारियां दी इसके अलावा भक्तों को उन्होंने कथा के दौरान सोशल मीडिया पर टूटे हुए रिश्तो के बारे में कहां की मोबाइल पर जो पति-पत्नी के जो रिश्ते टूट रहे हैं वह बहुत ही बड़ा चिंता का विषय है उन्होंने कहा कि हाल ही में जितने भी शादियां हुई है ज्यादातर सोशल मीडिया की गलतफहमी से टूटने के कारण देखे गए हैं इसलिए भक्तों को उन्होंने सोशल मीडिया से दूर रहने और अपने बच्चों को सनातन और अपने संस्कृति से जुड़े रहने का आ ान किया।

बागेश्वर धाम की कथा के दौरान राजस्थान प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष मदन सिंह राठौड़ भी कथा सुनने और पंडित धीरेंद्र शास्त्री का आशीर्वाद लेने पहुंचे इस दौरान पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह राठौड़ का दुपट्टा ओढ़कर सम्मानकिया।

इसके पूर्व में आयोजक गौरी शंकर शर्मा और पवन शर्मा समेत कई गणमान्य लोगों ने कथा शुरू होने से पहले आरती उतार कर पंडित धीरेंद्र शास्त्री का आशीर्वाद लिया । इस दौरान मुख्य आयोजक गौरी शंकर शर्मा और पवन शर्मा ने कथा सुनने वाले भक्तों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## अतिक्रमण के खिलाफ 'समानता' की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा( निसं )।** शहर में बढ़ते अवैध अतिक्रमण और अनियमित निर्माणों के खिलाफ आज एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर सख्त और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। संस्था ने प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान का स्वागत करते हुए स्पष्ट किया कि कार्रवाई 'भेदभावपूर्ण' नहीं होनी चाहिए और नियम सभी के लिए समान रूप से लागू होने चाहिए।

प्रतिनिधिमंडल ने अवगत कराया कि नगर निगम द्वारा शहर के मुख्य बाजारों में अवैध निर्माणों को लेकर 90 दिवस का नोटिस जारी किया गया था, लेकिन समय सीमा बीतने के बाद भी धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं दिखी। विशेषकर 26 अगस्त 2025 को दुकानों द्वारा सड़क मार्ग अवरुद्ध कर किए गए 'रूफ ऑफ ले-आउट' के अतिरिक्त निर्माण की शिकायत पर अब तक प्रशासन मौन है। ज्ञापन में नेशनल हाईवे (एनएच-48 और एनएच-758) से जुड़े गंभीर मामलों की ओर ध्यान आकर्षित किया गया - भदालीखेड़ा चौराहा: नियमों के अनुसार क्रॉसिंग मोड़ से 75 मीटर तक कोई निर्माण नहीं होना चाहिए, लेकिन यहाँ धड़ल्ले से व्यावसायिक निर्माण कर दिए गए हैं। दुर्घटना का अंदेशा: अवैध निर्माणों के कारण चौराहे पर वाहन खड़े रहते हैं, जिससे विजिबिलिटी कम होती है और आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। प्रशासनिक शिथिलता: मादलीखेड़ा चौराहे पर नियम विरुद्ध निर्माण को लेकर पूर्व में एसडीएम को भी सूचित किया गया था, किंतु परिणाम शून्य रहा। प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि एनएच और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को मौके पर भेजकर स्थिति का भौतिक सत्यापन कराया जाए।

## राजकीय अस्पताल में सोनोग्राफी शुरू कराने की मांग

**मदनगंज-किशनगढ़,( निस )।** विधायक डॉ विकास चौधरी ने राजकीय यज्ञनारायण अस्पताल में सोनोग्राफी शुरू कराने की मांग की है। साथ ही हाइवे पर ट्रॉमा सेंटर की आवश्यकता पर ध्यान आकर्षित किया। विधायक चौधरी ने विधानसभा में सरकार को अवगत कराया कि किशनगढ शहर के चारों तरफ नेशनल हाईवे है, जिला अस्पताल शहर के बीचों बीच होने के कारण आये दिन दुर्घटना घटित होने पर पीड़ित को पर्याप्त चिकित्सा व्यवस्था के अभाव में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## पीएम की प्रस्तावित जनसभा से पहले संभागीय आयुक्त से मांगा मिलने का समय

■ महिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में आज महिला प्रतिनिधियों के एक मंडल ने अजमेर संभागीय आयुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा एवं 28 फरवरी को पीएम नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करने की भी मांग की है

**अजमेर,( कासं )।** राजस्थान कांग्रेस कमेटी की प्रदेश उपाध्यक्ष, महिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में आज महिला प्रतिनिधियों के एक मंडल ने अजमेर संभागीय आयुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जिसमें प्रतिनिधिमंडल ने अजमेर शहर सहित पूरे जिले में महिलाओं और बालिकाओं के साथ हो रही घटनाओं को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की और 28 फरवरी को पीएम नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करने की भी मांग की है।

प्रतिनिधिमंडल ने संभागीय आयुक्त से आग्रह किया कि वे 28 फरवरी को अजमेर के कायड विश्राम स्थली में आयोजित होने वाली जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से महिला प्रतिनिधियों की मुलाकात का समय सुनिश्चित करवाएं, ताकि महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों से जुड़े मुद्दों को सीधे प्रधानमंत्री के समक्ष रखा जा सके।

प्रियंका चैधरी ने कहा कि अजमेर जिले में लगातार महिलाओं और बालिकाओं के साथ अपराध की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे महिलाओं में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस इस मुद्दे को गंभीरता से उठा रही है और महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर प्रयास करेगी।

उन्होंने बताया कि प्रतिनिधिमंडल का उद्देश्य प्रधानमंत्री को जमीनी हकीकत से अवगत कराना है, ताकि महिलाओं की सुरक्षा के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाए जा सकें।

## मदन राठौड़ ने अजमेर में समाजजनों से की जनसभा में पहुंचने की अपील

■ जनसभा में पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को सुनें और कार्यक्रम को सफल बनाएं

**अजमेर, (कासं)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ बुधवार को अजमेर दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नसीराबाद रोड स्थित मनुहार गार्डन में माली सैनी समाज के प्रबुद्धजनों, समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में समाज के विकास, संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने 28 फरवरी को अजमेर में आयोजित होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल जनसभा को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में जनसभा में पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को सुनें और कार्यक्रम को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बनाई है।

## प्रधानमंत्री की अजमेर संभाग में सबसे बड़ी सभा, हर एक बूथ से कार्यकर्ता पहुंचे: राठौड़

**भीलवाड़ा( निसं )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 28 फरवरी को अजमेर में होने वाली विशाल आमसभा में जिले से अधिकतम सहभागिता हेतु तैयारी योजना बैठक जिला कार्यालय पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के मुख्य आतिथ्य, जिलाध्यक्ष प्रशान्त मेवाड़ा की अध्यक्षता, सांसद दामोदर अग्रवाल के सान्निध्य एवं जिला प्रभारी संजय जैन ताऊ, सह प्रभारी मिट्ठूलाल जाट, पूर्व सांसद सुभाष बहेडिया, पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, पूर्व विधायक विट्ठलशंकर अवस्थी, बालूराम चौधरी, पूर्व महापौर राकेश पाठक, वरिष्ठ नेता पेंटर सूरज की विशिष्ट उपस्थिति में आयोजित हुई। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अजमेर में आयोजित होने वाली संभाग की अब तक की सबसे बड़ी आमसभा के रूप में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की परिकल्पना को पूर्ण करने के लिए भीलवाड़ा जिले के कार्यकर्ताओं की इसमें ऐतिहासिक सहभागिता रहे। माइक्रो मैनेजमेंट पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक बूथ से कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित हों और उनके आवागमन के साधनों के साथ ही आम सभा की निर्धारित व्यवस्थाओं की जानकारी से अवगत कराने के लिए योजनाबद्ध रणनीति बनाई जाए। जिला प्रभारी संजय जैन ताऊ ने कहा कि अजमेर की धारा प्रदेश में हजारों करोड़ रुपए के विकास कार्यों के लोकार्पण शिलान्यास की साक्षी बनेगी। सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि पीएम मोदी का अजमेर में मिलने वाला मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं के लिए बूस्टर डोज साबित होगा जिससे कोई वंचित ना रहे। जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि भीलवाड़ा जिला संगठन सदैव प्रदेश में अग्रणी रहा है। इस बार भी अजमेर में प्रस्तावित आमसभा में भीलवाड़ा सहभागिता का रिकॉर्ड कायम करेगा। बैठक के दौरान समस्त राजपूत समाज द्वारा भी वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ का स्वागत किया गया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी ने किया एवं आभार जिला महामंत्री अविनाश जीनगर ने व्यक्त किया।बैठक में जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट, जिला उपाध्यक्ष गोपाल तेली, मंजू चेचाणी, कुलदीप शर्मा, कल्पेश चौधरी, अशोक तलाइच, विशाल गुरुजी, लक्ष्मण सिंह राठौड़, सुरेंद्र सिंह मोटरास, ललिता कंवर, लादूलाल जाट, कांता शर्मा, राजेंद्र बोहरा, ललित अग्रवाल, अंकुर बोरदिया, मनोज बुलानी, शशांक बिड़ला, अभिश्रुता सोलंकी, महावीर समदानी, रागिनी गुप्ता, महेंद्र नायक, बाबूलाल आचार्य, भगवत सिंह राठौड़, शंकरलाल जाट, इमरान कायमखानी, मंजू पालीवाल, विजय पोखरना, पूर्व जिला प्रमुख शक्तिसिंह हाड़ा, रामचंद्र सेन, शंकर गुर्जर सहित जिले भर से भाजपा जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सेवा कार्य में जुटी सम्पूर्ण सेवा संस्थान

**मेड़ता सिटी (निसं)।** शहर की पंजीकृत सामाजिक संस्था सम्पूर्ण जन सेवा समिति द्वारा पादु कला के समीप बस्सी की ढाणी स्थित श्याम बाबा मंदिर परिसर में आयोजित 26 फरवरी से 28 फरवरी तक तीन दिवसीय वार्षिक फाल्गुनी लक्खी मेला महोत्सव में पीने वाला शुद्ध ताजा और शीतल पानी की व्यवस्था की जाएगी। समिति अध्यक्ष राम रतन शर्मा के अनुसार इस महोत्सव परिसर में समिति द्वारा अलग अलग दो स्थानों पर पानी जल सेवा के लिए सेंटर (प्याऊ) रखे गए हैं जिसमें खासकर तांबे के छोटे पात्र (लोटे) से पानी पिलाया जाएगा। महोत्सव के दूसरे दिन 27 फरवरी को श्याम मित्र मंडल विकास समिति पादु के सानिध्य में एक विशाल भजन संध्या भी होगी जिसमें मनीष मुंडवा के मंच संचालन में चित्तौड़गढ़ के गायक गोकुल शर्मा भजन प्रस्तुत करेंगे। साथ ही संपूर्ण जन सेवा समिति के सचिव नंदू श्री मंत्री ने बताया कि किसी भी बिना साधन वाले बुजुर्ग, दिव्यांग एवं अन्य असहाय श्रद्धालुओं को पादु कला बस स्टेशन से श्याम बाबा मंदिर तक पहुंचने हेतु चारपहिया वाहन की निशुल्क विशेष सुविधा समिति द्वारा रखी गई।

## जल व स्वच्छता मिशन की बैठक

**उदयपुर,( कासं )।** जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक बुधवार को जिला कलक्टर के निर्देशन एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन दीपेंद्र सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में हुई। प्रारंभ में अधीक्षण अभियंता पीएचईडी रविन्द्र चौधरी ने एजेण्डा बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए जल जीवन मिशन के तहत वर्तमान में स्वीकृत/प्रगतिरत योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। एडीएम राठौड़ ने स्वीकृत कार्यो को समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्वास्थ्य केन्द्रों एवं ग्रामों में टेप नल कनेक्शन उपलब्ध कराने पर चर्चा की। राठौड़ ने हर घर जल प्रमाणीकरण शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

## 1 साल से फरार, आरोपी गिरफ्तार

**ब्यावर (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक रतनसिह आई.पी.एस द्वारा ज़िले के वांछित अपराधियो की गिरफतारी हेतु दिये गये निर्देशो की पालना में पुलिस थाना बार के प्रकरण संख्या 15/2025 धारा 109 (1) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट में करीब 01 साल से फरार चल रहा धारा 193(9) बीएनएसएस में वांछित व 2000 रूपये का ईनामी आरोपी धर्मेंद्र सिह पुत्र कालुसिह उम्र 22 साल, जाति रावत निवासी उपरला बाडिया, माना नगला पुलिस थाना बार को दस्तयाब किया जाकर गिरफतार किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक रतनसिह के आदेशानुसार ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भुपेन्द्र शर्मा आरपीएस व वृताधिकारी वृत मसुदा जयसिह आरपीएस के सुपरविजन, समजिदा बानू पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी बार के नेतृत्व में बीएनएसएस में वांछित अभियुक्त धमेन्द्र सिह की तलाश हेतु टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी अनुसंधान व सुचना संकलन कर टीम द्वारा आरोपी के कई सम्भावित स्थानो पर तलाश की गई।

## जेएलएन अस्पताल में वेतन को लेकर वार्ड बॉय कर्मचारियों का प्रदर्शन

**अजमेर,( कासं )।** अजमेर संभाग के सबसे बड़े जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में कार्यरत महिला एवं पुरुष वार्ड बॉय कर्मचारियों ने बुधवार को संबंधित ठेकेदार एजेंसी के सुपरवाइजर के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने अस्पताल के आपातकालीन विभाग के पास एकत्रित होकर नारेबाजी की और समय पर वेतन नहीं मिलने को लेकर गहरी नाराजगी जताई।

वार्ड कर्मचारी प्रेम देवी सहित अन्य कर्मचारियों ने बताया कि वे पन्नाध्याय एजेंसी के माध्यम से अस्पताल में वार्ड बॉय के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एजेंसी के सुपरवाइजर और ठेकेदार द्वारा उनका वेतन समय पर नहीं दिया जा रहा है। इसी के विरोध में सभी कर्मचारी आपातकालीन विभाग के बाहर एकत्र हुए और नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि समय पर वेतन नहीं मिलने के कारण उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि वे अपने परिवार का भरण-पोषण करने में असमर्थ हो रहे हैं और घर का खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है।

कर्मचारियों के संभावित कार्य बहिष्कार की चेतावनी के बाद अस्पताल की व्यवस्थाओं पर भी असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। यदि वार्ड बॉय कर्मचारी कार्य बहिष्कार पर जाते हैं तो अस्पताल की दैनिक व्यवस्थाएं प्रभावित हो सकती हैं।

## राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय उत्सव का शुभारंभ

■ यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण मंच सिद्ध होगी

**अजमेर,( कासं )।** राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस उत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। विज्ञान, नवाचार और अनुसंधान को समर्पित यह आयोजन 25 से 27 फरवरी तक विश्वविद्यालय परिसर में उत्साह, जिज्ञासा और रचनात्मक ऊर्जा का अनूठा संगम प्रस्तुत करेगा। तीन दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों तथा आसपास के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रहेगी। उत्सव के अंतर्गत विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के साथ-साथ स्कूलों के विद्यार्थी भी अपने मॉडल, प्रोजेक्ट्स और नवाचार प्रस्तुत करेंगे। यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण मंच सिद्ध होगी। कार्यक्रम के दौरान क्विज एवं डिबेट प्रतियोगिताएं, इनोवेशन एवं रिसर्च आइडिया प्रजेंटेशन, आर्ट एंड साइंस फ्यूजन, रैपिड रिसर्च प्रजेंटेशन, स्कूल विद्यार्थियों के लिए मॉडल एग्जीबिशन तथा इंडियन नॉलेज सिस्टम पर विशेष प्रदर्शनी सहित कई शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना, नवाचार को प्रोत्साहित करना तथा भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक विज्ञान के बीच संवाद स्थापित करना है।

## भदेल ने ड्रेनेज, सफाई, कर्मचारियों और शहरी सुविधाओं पर दिए सुझाव

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने 16वीं विधानसभा के पांचवें सत्र में मांग संख्या 39 नगरीय विकास एवं मांग संख्या 40 स्वायत्त शासन विभाग पर चर्चा के दौरान अजमेर शहर से जुड़े विभिन्न विकासात्मक और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया तथा कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि राज्य में तेजी से हो रहे नगरीय विकास के साथ आधारभूत सुविधाओं का विस्तार आवश्यक हो गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री और राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों से लंबित अजमेर की ड्रेनेज समस्या के समाधान हेतु ड्रेनेज मास्टर प्लान बनाने का निर्णय सराहनीय है।


**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम VASHDEV से बदलकर VASUDEV VASVANI रख लिया है भविष्य में सभी उद्देश्यों हेतु इसी नाम से जाना पहचाना जावे। पता- खसरा नं 340, आर. के. पुरम, अजमेर।

**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**

क्रमांक : न.नि.अ/69क/2025-26/350 आपति सूचना दिनांक-25.02.26

श्री तेजपाल चौधरी पुत्र श्री चाचू राम जाट निवासी तालेड़ा का मौहल्ला गोमुन्द्य अजमेर द्वारा प्रस्तावित स्थल चौरी नगर वैशाली नगर अजमेर तहसील व जिला अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 334.48 वर्गमीटर है का नगर निगम अजमेर में धारा 69-ए के तहत आवेदन आवासीय हेतु प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व- रामेश्वरी देवी का मकान पश्चिम- 30 फिट चौड़ा रोड
उत्तर- इन्द्र सैन का मकान दक्षिण- 40 फिट चौड़ा रोड

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम की धारा 69-ए के अधीन पूर्ण स्वामित्व घट्टा अधिकारी अभिप्राप्त करने के नगर निगम के पक्ष में भूमि के अधिकार अभ्यर्पण करने के अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप/आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकता है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी भी आक्षेप में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप/आपत्ति नहीं है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। - प्रभारी अधिकारी, 69-ए, नगर निगम अजमेर

**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**

क्रमांक: योजना/2025-26/ सार्वजनिक सूचना दिनांक-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कमलेश सम्भवानी पत्नी श्री स्व० श्री जयप्रकाश सम्भवानी निवासी 383, वैशाली नगर केशव नगर अजमेर के द्वारा नगर निगम की आनासागर सरक्यूलर रोड योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या 383 क्षेत्रफल 333.33 वर्गगज का नामान्तरण करवाये जाने बाबत दस्तावेज सलंग्न कर आवेदन सं. दिनांक 18.02.2026 को नामान्तरण हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार उक्त भूखण्ड मूल आवंटी श्री जय प्रकाश सम्भवानी पुत्र श्री दयाराम सम्भवानी के नाम से दर्ज है। श्री जय प्रकाश सम्भवानी का स्वर्गवास दिनांक 06.05.2025 को हो चुका है। श्री जय प्रकाश सम्भवानी जरिये पंजीकृत वसीयत दिनांक 20.11.2023 के द्वारा श्रीमती कमलेश सम्भवानी को वसीयत निष्पादित की गई। उक्त प्रकरण का निष्पादन राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 116 के तहत आवेदित है जिसका निष्पादन धारा 118 के तहत प्रक्रियाधीन किया गया है। इस सम्बन्ध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आपत्ति प्रकाशन से 15 कार्य दिवस के लिए आवेदन के साथ प्रस्तुत दस्तावेजों को अजमेर नगर निगम कार्यालय की योजना शाखा में देखने / पढ़ने के लिए खुला रखा गया है इस अवधि में किसी भी हितबद्ध व्यक्ति/आम खास को कोई आपत्ति उज्र हो तो सूचना के प्रकाशन से 15 कार्य दिवस में मय पुख्ता दस्तावेजों के साथ अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है बाद मियाद नियमानुसार प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा। - प्रभारी अधिकारी (योजना) नगर निगम, अजमेर

**कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर**

क्रमांक : 2265 जाहिर आम सूचना दिनांक-24-2-26

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 1-क-8, अजयनगर, अजमेर क्षेत्रफल 137.00 वर्ग गज मूल आवंटी श्री भारत भूषण सिन्हा पुत्र श्री राधे बिहारीलाल सिन्हा को आवंटित कर उक्त आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया । श्री भारत भूषण सिन्हा पुत्र श्री राधे बिहारीलाल सिन्हा द्वारा दिनांक 27.12.1990 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त आवास का पंजीयन करवा लिया गया है। पंजीयन पश्चात श्री भारत भूषण सिन्हा पुत्र स्व. श्री राधे बिहारीलाल सिन्हा द्वारा उक्त आवास का उपहार पत्र श्री विक्रान्त हजेला पुत्र स्व. श्री गुलशन हजेला के पक्ष में दिनांक 03.07.2025 को निष्पादित की गई। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 985 में पृष्ठ संख्या 34 क्रम संख्या 202503002107243 पर पंजीबद्ध किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 3938 के पृष्ठ संख्या 53 से 63 पर दिनांक 03.07.2025 को चस्पा किया गया है। अब श्री विक्रान्त हजेला पुत्र स्व. श्री गुलशन हजेला ने उक्त आवास को संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरान्त नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्री विक्रान्त हजेला पुत्र स्व. श्री गुलशन हजेला का नाम मण्डल रिकॉर्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही की विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की, विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उपजरदारी/आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पर बाद कोई आपत्ति वीकार नहीं होगी नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

-सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड- अजमेर

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज0**

टैलीफोन नम्बर- 01462-230051 गांधी उद्यान-ब्यावर रोड़, बिजयनगर ई-मेल-npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक- न.पा.बि/भूमि/2025/6517 आपति आमन्त्रित सूचना दिनांक: 25.02.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि निम्न वर्णित आवेदक ने 69-A के तहत पालिका को आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेगे। अतः इन भूखण्डों के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजो/ प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र.सं. | मकान मालिक का नाम | मौहल्ले का नाम | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| 1 | 1. हरभजन सिंह/महेन्द्र सिंह<br>2. हरगोविन्द सिंह/महेन्द्र सिंह | आबादी क्षेत्र सथाना बाजार बिजयनगर म्यू. नं. 10/1023 आबादी भूखण्ड का उत्तर-पश्चिम की तरफ का हिस्सा | 106.6 वर्गमीटर |

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर